Title : Regarding need to set up Khadi and cottage industries in Banskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

## (iv) **Need to set up Khadi and cottage industries in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.**

**श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा)** : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग की काफी संभावना है। यहां के ग्रामीण लोगों के पास कृषि भूमि तो है परन्तु सिंचाई के अभाव में वह खेतों में फसल बोने में असमर्थ हैं, जिसके कारण गांव की महिलाएं खाली समय में बहुत ही अच्छी किस्म की बुनाई करती है और यह भी देखा गया है कि देश में ही नहीं अपितु विदेशों में इन कपड़ों के बुनाई के कार्य को बहुत ही पसंद किया जाता है। पुरुष वर्ग भी खादी के कपड़ों के धागे को तैयार कर सकते हैं एवं खादी के कपड़े को अच्छी मात्रा में बनाया जा सकता है। इस क्षेत्र में गांधीवादी भावना अभी लोगों में कूट-कूट कर भरी हुयी है। अतः उत्तरी गुजरात के बनासकांठा जिले में खादी एवं कुटीर उद्योग स्थापित किये जाने की काफी संभावना है। यहां के लोग अपने परिवार के लालन-पालन के राजस्थान और मध्य प्रदेश के फैक्टरियों एवं कारखानों में काम करने के लिए पलायन कर जाते हैं। खादी और कुटीर उद्योग स्थापित करके इस पलायन को रोका जा सकता है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में खादी और कुटीर उद्योग स्थापित करने हेतु सर्वे किया जाये और इन उद्योगों को रोजगार सृजन हेतु शीघ्र स्थापित किया जाये।